घटिया सीवर काम, सड़कों पर मंड़रा रहा खतरा

सीवरेज लाइन धंसने से संविदाकार की खुली पोल,संविदाकार पर कार्रवाई की उठने लगी मांग

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 17 अगस्त। नगर पालिक निगम सिंगरौली क्षेत्र के शहर से लेकर बस्तियों के सीवर लाइन ने लोगों के मुश्किलो को बढ़ा दिया है। जैसे-जैसे बारिश जोर पकड़ रही है, उसी गति से जगह-जगह सीवर लाइन धसक रही है और अब सीवर लाइन खतरे से खाली नही दिख रही है। इसमें

कहीं न कहीं संविदाकार का पोल खुलते दिख रहा है।

दरअसल विकास कार्य के नाम पर खोदी गई सड़क यदि समय पर व्यवस्थित नहीं की जाए तो वह सुविधा के बजाय लोगों के लिए खतरे का कारण बन जाती है। ऐसा ही मामला वार्ड क्रमांक 32 नवजीवन बिहार स्थित शिवाजी कॉम्प्लेक्स के पीछे सामने आया, जहां सीवर लाइन का काम पूरा होने के बाद सड़क को आधा-अधूरा छोड़ दिया गया। सोमवार को इसी मार्ग से गुजर रही स्विफ्ट डिजायर कार सड़क पर बने गड्ढे में धंस गई। हादसे में वाहन का कुछ हिस्सा क्षतिग्रस्त हुआ, हालांकि किसी व्यक्ति को गंभीर चोट नहीं आई। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय नागरिकों ने वाहन को गड्ढे से बाहर निकालने में मदद की। इधर नगर निगम के वार्ड क्रमांक 42 संत जोसेफ स्कूल एलआईजी, देवरा-गनियारी मार्ग शांति ग्राम टाउनशीप एवं विश्वकर्मा मोहल्ला में सीवर लाइन एक नही अनेको जगह लगातार धसक रही है और इस मार्ग से रोजाना सैकड़ों दो पहिया, चार पहिया, ट्रैक्टर एवं हाईवा गुजर रहे हैं।

घटिया निर्माण से धंस रही सीवर लाइन

मोहल्ले वासियों का आरोप है कि सीवरेज संविदाकार ने गुणवत्ता विहीन कार्य किया है, ऐसे संविदाकार के विरूद्ध अपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध होना चाहिए। अब धीरे-धीरे मोहल्लेवासी संविदाकर को घेरने लगे हैं। रहवासियों ने सीवर लाइन कार्य की गुणवत्ता और सड़क बहाली में बरती गई लापरवाही को लेकर नाराजगी जताई। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि सीवर लाइन डालने के बाद सड़क को निर्धारित मानकों के अनुरूप दुरुस्त नहीं किया गया। कई स्थानों पर गड्ढे और ऊबड़-खाबड़ सतह होने से वाहन चालकों और पैदल राहगीरों के लिए लगातार खतरा बना हुआ है। बारिश के कारण स्थिति और गंभीर हो गई है। लोगों का कहना है कि जिम्मेदार एजेंसी की उदासीनता के चलते आए दिन हादसे की स्थिति बन रही है। शिकायतो के बाद ननि के सीवरेज प्रभारी अनजान बने हुये हैं। शायद उनके नजर में सब कुछ ठीकठाक है।

कार फंसी, अधिकारी से लेकर नेता मेहरबान

शहर की सीवर लाइन शैसवकाल में ही जिस तरह से धसक रही है,ऐसे में आने वाले दिनों बड़े हादसे को न्योता दे रहा है। ननि के वार्ड क्रमांक 32 नवजीवन बिहार स्थित शिवा जी कॉम्प्लेक्स के पीछे आज एक कार सीवर लाइन में फस गई, जहां वाहन को नुकसान भी हुआ है। आरोप लगाया जा रहा है कि सीवर लाइन के ठेकेदार पर नगर निगम के अधिकारी से लेकर जनप्रतिनिधि मेहरवान हैं। जिसके चलते ठेकेदार पर एक्शन नही लिया जा रहा है। मोहल्लेवासियों का यह भी कहना है कि जिस तरह से गर्मी के महीने में पेयजल संकट को लेकर नगर निगम परिषद की बैठक बुलाई जा सकती है तो क्या इस बारिश में जिस तरह से सीवर लाइन धसक रही है,क्या उसको सुधारने के लिए नगर परिषद की विशेष बैठक क्यों नही बुलाई जा सकती है। क्या नगर निगम भी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है, या फिर ठेकेदार पर दरियादिली दिखाता रहेगा।

किसानों को मिलेगा पूरा न्याय : रामनिवास

डेम के खेतों में पहुंची राखड़, विधायक ने मौके पर पहुंच लिया जायजा

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 17 अगस्त। हर्रहवा स्थित रिलायंस पावर प्लांट के फ्लाई-एस डैम के क्षतिग्रस्त होने से आसपास के खेतों में पहुंची राखड़ ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है।

घटना की जानकारी मिलने के बाद सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह ने सोमवार को प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर मौके की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने प्रभावित किसानों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और फसलों को हुए नुकसान की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान विधायक ने खेतों में पहुंची राखड़ तथा प्रभावित क्षेत्र की स्थिति का अवलोकन किया।

उन्होंने मौके पर मौजूद तहसीलदार आरके बंसल, आरई वीरेंद्र नाथ चतुर्वेदी एवं रिलायंस के सीएसआर प्रमुख फुसैल अहमद, सीएसआर विपिन पाण्डेय से डैम क्षतिग्रस्त होने के कारणों, प्रभावित क्षेत्र और संभावित नुकसान के संबंध में जानकारी ली। विधायक ने अधिकारियों से कहा कि प्रभावित किसानों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए क्षति का निष्पक्ष एवं उचित आंकलन कराया जाए।

प्रभावित किसानों की सुनवाई प्राथमिकता के साथ करें

विधायक रामनिवास शाह ने कहा कि किसानों ने महीनों की मेहनत और पूंजी लगाकर फसल तैयार की है। ऐसे में राखड़ के कारण फसल को हुआ नुकसान गंभीर विषय है। प्रभावित किसानों की सुनवाई प्राथमिकता के साथ की जाए और नियमानुसार उन्हें आवश्यक राहत एवं उचित निराकरण उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने अधिकारियों को कार्रवाई में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने के निर्देश दिए। विधायक ने कहा कि किसानों के हितों की अनदेखी स्वीकार नहीं की जाएगी। प्रशासन और संबंधित एजेंसी को प्रभावित लोगों की समस्याओं का संवेदनशीलता के साथ समाधान करना होगा। निरीक्षण के दौरान ई अनिल कुमार, भाजपा जिला महामंत्री विक्रम सिंह, मंडल अध्यक्ष, सौरभ गुप्ता, कमलेश शाह, महामंत्री कमलेश वैश्य, मंत्री विश्वामित्र शाह, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष अशोक शाह, अनिल शाह सहित पार्टी पदाधिकारी एवं स्थानीयजन मौजूद रहे।

एक नजर में

परसवार राजा गांव में घुसा पानी, दो घर ध्वस्त

शक्तिनगर। परिक्षेत्र में रविवार की रात हुई भारी बारिश के कारण पुनर्वास गांव परसवार राजा में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई। गांव की बैगा बस्ती में पानी घुसने से ग्रामीण सुखई बैगा एवं बेचन बैगा के घर पानी के तेज बहाव के कारण ध्वस्त हो गए। वहीं सरकारी गल्ले की दुकान में पानी घुस जाने से वहां रखा पूरा अनाज भी भीगकर खराब होने की सूचना है। गांव के अन्य घरों में भी पानी घुसने की जानकारी सामने आ रही है। ग्रामीणों के अनुसार गांव से पानी की निकासी के लिए बनाए गए नाले में एनसीएल की खड़िया परियोजना के कोयला खदान क्षेत्र से निकली अधिभार मिट्टी ओवरबर्डन डाले जाने के कारण नाले की जलनिकासी व्यवस्था बाधित हो गई है।

बच्चों के समग्र विकास के लिए नींव कार्यक्रम शुरू

सिंगरौली। जिले में 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों के प्रारंभिक बाल्यावस्था विकास को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पीरामल फाउंडेशन द्वारा पंचायत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त सहयोग से नींव परियोजना का शुभारंभ विकासखंड बैढ़न के सभागार में किया गया। कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि नींव परियोजना जिले की 120 ग्राम पंचायतों में संचालित की जाएगी। परियोजना का मुख्य उद्देश्य ग्राम पंचायत स्तर पर विभिन्न विभागों एवं समुदाय के बीच प्रभावी समन्वय स्थापित कर 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों के समग्र विकास के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करना है।

विद्यालयों में दिलाई गई नशा मुक्ति की शपथ

सिंगरौली। कलेक्टर कार्यालय एवं उप संचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के तत्वाधान में नशा मुक्त भारत अभियान विकसित भारत की पहचान की थीम के अंतर्गत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में जिले के सरस्वती शिशु मंदिर उमावि जयंत एवं शाउमावि उज्जैनी में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम एवं शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों एवं उपस्थित जनों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करते हुए नशे से दूर रहने तथा समाज को नशामुक्त बनाने में सक्रिय सहभागिता निभाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर सहायक ग्रेड-3 शिवम पटेल द्वारा विद्यार्थियों को नशा मुक्त भारत अभियान की शपथ दिलाई गई।

10 आरोपियों के कब्जे से 92 लीटर शराब जब्त

सिंगरौली। जिले में अवैध शराब के संग्रहण एवं विक्रय के विरुद्ध आबकारी विभाग ने मोरवा एवं जयंत इलाके में कार्रवाई की है। हालांकि यह कार्रवाई खानापूर्ति बताई जा रही है। कार्रवाई के दौरान वृत्त बैढ़न के अंतर्गत आरोपी अशोक पिता छोक्का भुंजवा निवासी माजन मोड़, दिलीप पिता देवनाथ शाह, बुद्धलाल पिता हरिलाल साहू, शिवनारायण पिता युधिष्ठिर प्रसाद शाह तीनों निवासी तूसाखांड, राजू पिता रामलल्लू शाह निवासी बनौली, सचिन पिता अजय कुशवाहा निवासी कचनी तथा लालबाबू पिता प्रेमलाल शाह निवासी बिलौंजी समेत अन्य के विरुद्ध कार्रवाई की गई। जहां आबकारी विभाग द्वारा की गई कार्रवाई में कुल 92 .16 लीटर अवैध शराब जप्त की गई, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 1 लाख 12 हजार 435 रुपये है।

वार्ड-39 में जलभराव स्थल का किया निरीक्षण

सिंगरौली। वार्ड क्रमांक 39 में जलभराव की समस्या को लेकर वार्ड पार्षद प्रतिनिधि अमित यादव के नेतृत्व में स्थल निरीक्षण किया गया। इस दौरान वार्डवासियों के साथ नगर निगम के इंजीनियर विष्णु पाल सिंह, अशोक त्रिपाठी, शाहिद हुसैन रिंकू, राजीव पांडेय सहित वार्ड के नागरिक मौजूद रहे। वार्डवासियों ने जलभराव एवं अन्य स्थानीय समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया।

बच्चों की तरह पौधों का पोषण करें : राधा सिंह

आदर्श ग्राम खोखवा में हरियाली महोत्सव आयोजित

नवभारत न्यूज

चितरंगी 17 अगस्त। हरियाली बढ़ाने और पर्यावरण संरक्षण को जनभागीदारी से जोड़ने के उद्देश्य से आदर्श ग्राम खोखवा में नवांकुर सखी हरियाली महोत्सव आयोजित किया गया।

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के निर्देशन में नवांकुर संस्था रामचंद्र सेवा समिति चितरंगी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पौधारोपण के साथ उनके संरक्षण और नियमित देखभाल का संदेश दिया गया। मुख्य अतिथि राज्यमंत्री राधा सिंह रहीं। राज्य मंत्री ने कहा कि पौधा लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसे सुरक्षित रखते हुए बड़ा करना भी हमारी जिम्मेदारी है। जिस तरह माता-पिता बच्चों का पालन-पोषण करते हैं, उसी तरह पौधों की देखभाल की जानी चाहिए। उन्होंने प्रत्येक नवांकुर सखी से कम से कम एक पौधे की एक वर्ष तक नियमित देखभाल करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में नवांकुर सखियों को 10-10 पौधे वितरित कर संरक्षण का संकल्प दिलाया गया। राज्यमंत्री ने एक पेड़ मां के नाम अभियान को बढ़ावा देने की अपील की। इसके बाद शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय खोखवा परिसर में अतिथियों ने पौधारोपण किया। आयोजन में सरपंच फूलकुवार, तहसीलदार दुधमनिया सारिका परस्ते, जनपद सीईओ मान सिंह सैयाम, भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष गुरु प्रवेंद्र धर द्विवेदी, रजनीश साहू सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी, नवांकुर सखियां और ग्रामीण मौजूद रहे।

क्षतिग्रस्त पुल-पुलियों की जांच कर एजेंसियों पर करें कार्रवाई : गौरव

तेलाई-मकरोहर मार्ग के क्षतिग्रस्त पुलिया को लेकर कलेक्टर का कड़ा रूख,ठेकेदार को नोटिस जारी करने के निर्देश

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 17 अगस्त। कलेक्टर गौरव बैनल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में समय-सीमा की बैठक आयोजित हुई।

बैठक में कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों से लंबित प्रकरणों, शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं, निर्माण कार्यों तथा जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण करने तथा निर्माण कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में तेलाई-मकरोहर मार्ग के क्षतिग्रस्त होने के प्रकरण को कलेक्टर ने गंभीरता से लेते हुए ननि आयुक्त को निर्देशित किया कि बिना अनुमति सड़क काटकर सीवर अथवा पाइप लाइन डालने तथा कार्य पूर्ण होने के बाद सड़क की मरम्मत में लापरवाही करने पर संबंधित कार्यपालन यंत्री, नगर निगम एवं कॉन्ट्रैक्टर से क्षतिपूर्ति राशि की वसूली की कार्यवाही करें। उन्होंने एमपीआरडीसी को क्षतिग्रस्त सड़क का तत्काल निर्माण एवं मरम्मत कार्य कराने के निर्देशित किया। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि संबंधित निर्माण एजेंसी की पूर्व अनुमति एवं सूचना के पश्चात ही किसी सड़क पर पेयजल, सीवर अथवा गैस पाइप लाइन डालने जैसे कार्य किए जाएं।

कलेक्टर ने जिपं सीईओ को निर्देशित किया कि अतिवृष्टि के कारण क्षतिग्रस्त हुई पुल-पुलियों का निरीक्षण कराकर आवश्यक मरम्मत एवं पुनर्निर्माण कार्य तत्काल सुनिश्चित करें।

चितरंगी क्षेत्र के बगदरा में शिविर 21 को

सिंगरौली 17 अगस्त (एनबीएन)। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत म.प्र. शासन की मंशा अनुरूप आमजन की समस्याओं के त्वरित व मौके पर ही पारदर्शी समाधान के लिए कलेक्टर गौरव बैनल के निर्देशन में जनपद पंचायत चितरंगी के बगदरा क्लस्टर में आगामी 21 अगस्त को शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देशित किया है कि सुशासन की भावना के अनुरूप शासन की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ गाँव के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे ।

एक पेड़ राष्ट्र के नाम देवसर में गूंजा पर्यावरण संदेश

नवभारत न्यूज

देवसर 17 अगस्त। पर्यावरण संरक्षण और जन-जागरूकता का संदेश लेकर भगवती मानव कल्याण संगठन शाखा देवसर के तत्वाधान में एक पेड़ राष्ट्र के नाम अभियान के तहत विशाल वृक्षारोपण एवं जन-जागरूकता रैली निकाली गई।

रैली में संगठन के सैकड़ों महिला-पुरुष कार्यकर्ताओं के साथ बड़ी संख्या में बच्चे एवं क्षेत्रवासी उत्साहपूर्वक शामिल हुए। रैली की खास बात यह रही कि महिला, पुरुष और बच्चे अपने हाथों में पौधे लेकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए आगे बढ़ रहे थे। वहीं एक विशाल सुसज्जित रथ तैयार किया गया था।

यह रथ रैली के साथ लोगों के बीच पर्यावरण के प्रति जागरूकता का संदेश प्रसारित करता हुआ आगे बढ़ा। रैली के दौरान पूरा क्षेत्र एक पेड़ राष्ट्र के नाम पेड़ लगाओ-पर्यावरण बचाओ जैसे नारों से गूंज उठा।

बड़ी संख्या में लोगों की सहभागिता ने इस अभियान को एक जनआंदोलन का रूप प्रदान किया।

ग्यारह वर्षीय बालिका फांसी के फंदे पर झूली

सिंगरौली 17 अगस्त (एनबीएन)। गोभा पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत करौटी के ग्राम ओरगाई में सोमवार सुबह 11 वर्षीय बालिका ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान सौम्या साकेत पिता इंद्रजीत साकेत के रूप में हुई है। बताया गया कि घटना सुबह करीब 10 बजे की है। बालिका द्वारा आत्मघाती कदम उठाए जाने की जानकारी मिलते ही परिजनों में हड़कंप मच गया। सूचना पर गोभा चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू की।

नागपंचमी के शुभ संयोग पर शिवधाम मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 17 अगस्त। सावन मास के तीसरे सोमवार एवं नाग पंचमी के पावन संयोग के अवसर पर शिवधाम मंदिर, बैढ़न में प्रात:काल से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।

भक्तजन पंक्तिबद्ध होकर भूतभावन भगवान भोलेनाथ एवं महामृत्युंजय भगवान शिव के दर्शन-पूजन के लिए अपनी बारी की प्रतीक्षा करते नजर आए। मंदिर के महाप्रबंधक ज्योतिषविद् पं. डॉ. एनपी मिश्र के आचार्यत्व में विधि-विधानपूर्वक भगवान शिव का पूजन-अर्चन एवं विशेष आराधना संपन्न हुई। इस पावन अवसर पर अनेक श्रद्धालुओं द्वारा सामूहिक रूप से रुद्राभिषेक किया गया तथा भगवान शिव का जल, दुग्ध एवं विभिन्न पूजन सामग्रियों से अभिषेक कर सुख, शांति, समृद्धि एवं आरोग्य की कामना की गई। सावन के सोमवार और नाग पंचमी के इस दुर्लभ धार्मिक संयोग से पूरा शिवधाम मंदिर परिसर हर-हर महादेव, नम: शिवाय के जयघोष से गूंज उठा। श्रद्धा और भक्ति से सराबोर वातावरण में भक्तों ने भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

वीडियो के मामले में 10वीं के 4 छात्र निष्कासित

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 17 अगस्त। शाउमावि कचनी में स्मार्ट बोर्ड के अनुचित उपयोग का मामला सामने आने के बाद विद्यालय प्रबंधन ने कड़ा कदम उठाया है।

10 अगस्त को मध्यावकाश के दौरान कक्षा 10वीं के कुछ छात्रों द्वारा मोबाइल विद्यालय में लाकर स्मार्ट बोर्ड चालू करने और वीडियो क्लिप बनाने की घटना सामने आई थी। जानकारी मिलते ही विद्यालय प्रबंधन ने संबंधित छात्रों को तलब कर पूछताछ की। छात्रों ने मध्यावकाश के दौरान मोबाइल से स्मार्ट बोर्ड चालू कर वीडियो बनाने की बात स्वीकार की। गतिविधि की पुष्टि होने के बाद मामले को गंभीरता से लेते हुए विद्यालय प्रबंधन ने एसएमडीसी की बैठक आयोजित की। बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार कक्षा 10वीं के छात्र राजाबाबू साकेत पिता धनीराम साकेत, राजाबाबू साकेत पिता रामानुज साकेत, अमर कुमार बंसल पिता अशोक कुमार बंसल तथा चंदन साकेत पिता मारकंडे साकेत को 15 दिवस के लिए विद्यालय से निष्कासित किया गया है। विद्यालय प्रबंधन ने स्पष्ट किया है कि शैक्षणिक संसाधनों के अनुचित उपयोग को किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। साथ ही भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए आवश्यक निगरानी बरतने की बात कही गई है।

एनटीपीसी विंध्याचल में सांस्कृतिक संध्या आयोजित

नवभारत न्यूज

विंध्यनगर 17 अगस्त। एनटीपीसी विंध्याचल के विंध्य क्लब द्वारा 80वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में परियोजना के उमंग भवन सभागार में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का थीम आजादी रहा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कार्यकारी निदेशक किशोर कुमार होता, अध्यक्षा सुहासिनी संघ पद्मालया होता, महाप्रबंधक एम सुरेश एवं सुरेश महाप्रबंधक शिवा प्रसाद तथा महाप्रबंधक, विंध्याचल रुमा दे शर्मा मौजूद रही और कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। प्रतिभागियों की देशभक्ति से ओत-प्रोत प्रस्तुतियों ने पूरे उमंग भवन सभागार को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। मुख्य अतिथि एवं उपस्थित अन्य अतिथियों द्वारा नन्हें-मुन्ने बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों की विशेष रूप से सराहना की गई। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में कक्षा 2 तक के वर्ग में निखिल खंडेलवाल ने प्रथम, दित्या शर्मा ने द्वितीय, अवन्या शर्मा ने तृतीय, प्रणव साहू ने चतुर्थ तथा दिविशा कश्यप ने पंचम स्थान प्राप्त किया।

बावली में गिरने से 7 वर्षीय मासूम की मौत

सिंगरौली 17 अगस्त (एनबीएन)। सरई थाना क्षेत्र के शिवगढ़ गांव में सोमवार को उस समय मातम छा गया, जब खेलते समय एक सात वर्षीय मासूम की बावली में गिरने से मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई और ग्रामीण मौके पर जुट गए। मृतक की पहचान मनीष सेन के करीब 7 वर्षीय पुत्र के रूप में बताई गई है। बताया जा रहा है कि बच्चा खेलते-खेलते बावली के पास पहुंचा और अचानक पैर फिसलने से उसमें जा गिरा। सूचना मिलने पर सरई थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर वैधानिक कार्रवाई शुरू की।

महान केवल प्लांट नहीं,हमारी पहचान है : लिनु पंचमन

हिंडालको महान में हर्षोल्लास से मनाया गया 80वां स्वतंत्रता दिवस

नवभारत न्यूज

बरगवां 17 अगस्त। हिंडालको महान में 80वां स्वतंत्रता दिवस देशभक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। मुख्य समारोह में इकाई प्रमुख लिनु पंचमन ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रध्वज को सलामी दी। वहीं आर एंड आर कॉलोनी मझिगवां में सीएसआर एवं जनसंपर्क प्रमुख संजय सिंह ने ध्वजारोहण किया।

समारोह में कर्नल गौरव चतुर्वेदी एवं उनके सुरक्षा प्रहरियों ने शानदार परेड कौशल का प्रदर्शन किया। सरस्वती शिशु मंदिर एवं आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर समारोह में उत्साह भर दिया। अपने संबोधन में इकाई प्रमुख लिनु पंचमन ने कहा कि स्वतंत्रता का अर्थ केवल राष्ट्र की आजादी नहीं, बल्कि अपने कार्यस्थल पर उत्कृष्टता, जिम्मेदारी और सुरक्षित कार्य संस्कृति को अपनाना भी है। उन्होंने कहा कि सुरक्षित कार्य, उच्च गुणवत्ता, ग्राहक सेवा, नवाचार और सामाजिक विकास के माध्यम से महान राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दे रहा है। कार्यक्रम में हिंडालको महान की लीडर टीम से मानव संसाधन प्रमुख विवेकानंद मिश्रा, स्मेल्टर हेड एस शशि कुमार, पावर प्लांट हेड प्रांजल पाठक सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी, प्रबंधक एवं कर्मचारी परिवार सहित मौजूद रहे।